सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र
विशेषांक

RAJASTHAN GAZETTE
Extraordinary

साधिकार प्रकाशित

Published by Authority

भाद्र 29, शनिवार, *शाके* 1947- सितम्बर 20, 2025
Bhadra 29, Saturday, Saka 1947- September 20, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर

अधिसूचना

जयपुर, सितम्बर 01, 2025

संख्या प.10(न.पा.)(गठन)(चुनाव)डीएलबी/25/17761 :-राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर सिरोही द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका आबूरोड हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

राज्यपाल की आज्ञा से,

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।

<u>नगर पालिका आबूरोड का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025</u>

वार्ड सं.	सीमा विवरण	जनसंख्या
1	सुदर्शन सीमेन्ट की दिवार उत्तर-पश्चिम कोने से दिवार के सहारे-सहारे पश्चिम की और चलकर नगरपालिका सीमा तक वहा से दक्षिण की और चलते हुये बाये हाथ के मकानों जाटो कॉलोनी फरिशता कॉलोनी को लेते हुये, रघुनाथ फार्म से पूरब की और चलते बाये हाथ के मकान पटेल आयरन , पुखराज शंकरलाल के मकान को लेते हुए सरदार खान के मकान के कोने तक वहां से उत्तर की और चलकर रोड क्रोस कर जब्बार खांन की दुकान को लेते हूए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए सोनल कस्तुर का मकान कानानी गीगा के बाडे को लेते हुए नदी किनारे तक वहां से उत्तर की और मुडकर बायें हाथ के मकानो को लेते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक विघालय को लेते हुए कब्र कॉलोनी को लेते हुए उप स्वास्थ्य केन्द्र को लेते हुए माउण्ट रोड तक वहां से उत्तर	1241

	की ओर नगरपालिका की सीमा के सहारे-सहारे बायें के हाथ के मकानों को लेते हुए सुदर्शन कॉलोनी को लेते हुए माउण्ट रोड तक वहां से रोड क्रॉस कर पश्चिम की और सुदर्शन सीमेंट की दिवार तक।	
2	राजस्व संघ के कवाटर (नर्सरी) एवं गोदाम को लेते हुए पूरब की और चलते हुए नदी का पूर्वी-दक्षिणी कोने तक वहां से उत्तर की और चलते नदी को लेते हुए खसरा 142 को लेते हुए नगरपालिका की सीमा के सहारे-सहारे वहां से नदी क्रोस कर पश्चिम की और चलते हुए कृष्ण कुमार के बायें हाथ के मकानों को लेते हुए माउण्ट रोड पर पंचायत भवन तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायें हाथ के हरिश चौधरी जी के मकान को लेते हुए हाउसिंग बोर्ड को लेते हुए नर्सरी तक |	1343
3	माउण्ट रोड पर जैन मंदिर सिंचाई कॉलोनी एच.जी. स्कूल होते हुए दक्षिण में गणेश कॉलोनी के बडी नेहरी के मकानों को लेते हुए अंबा कैसा के मकान के रास्ते दायें हाथ के मकानों को लेते हुए खसरा नं. 180 (Royal Rajasthan School के कोने से) से दायें पर नगरपालिका सीमा को लेते हुए उत्तर की और चलते हुए नगरपालिका सीमा की और चलते खसरा नं. 217 को लेकर रोड क्रोस कर खसरा 231 व 241 242 खसरा नं. 40 व 41 उत्तर की और चलकर युसुफ के फार्म की से पूर्व की और चलते हुए दायें हाथ के मकानों को लेते हुए जगदीश मेघवाल के मकान तक वहां से दक्षिण की और चलकर दायें हाथ के मकान चिरंजीलाल शर्मा के मकान को लेते हुए राजकीय माध्यमिक विघालय आकराभट्टा को लेते हुए श्रीजी और गणेशम् का मकान को लेते हुए दायें हाथ के मकानों को लेते हुए मारूति शो-रूम को लेते हुए जोधपुर विधुत वितरण निगम को लेते हुए डॉ. केला की भूखण्ड सीमा जलदाय विभाग (पशु चिकित्सक) को लेते हुए जैन मंदिर तक।	1423
4	नर्सरी उत्तरी कोने से दक्षिण की और चलते हुए बायें हाथ के मकान व जैन मंदिर को लेते हुए रोड क्रोस कर ब्रह्माकुमारीज ज्ञानदीप के भवन को लेते हुए एच.जी. स्कूल रोड के बायें हाथ के मकानों को लेते हुए एच.जी. स्कूल की बाउंड्री से दक्षिण मुड कर जनजाति छात्रावास को लेते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए ऋर्षिकेश रोड खसरा 641 के कोने तक वहां पूर्व की और चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए पेट्रोल पंप तक	1239

	वहां से रोड क्रोस कर रजवाडी पुलिया क्रोस कर नगरपालिका वार्ड सं. 30 की सीमा सहारे-सहारे नदी को लेते हुए खसरा नं. 24 की सीमा तक वहां से पश्चिम की और चलकर नदी क्रोस करते हुए वार्ड 2 की सीमा के बायें हाथ के मकानों को लेते हुए नर्सरी के कोने तक।	
5	भद्रकाली रोड पर कोठारी कॉम्पलेक्स से पश्चिम की ओर चलकर बांये हाथ के मकानों के लेते हुए राधा स्वामी आश्रम तक वहां से दक्षिण की ओर मुड़कर बांये हाथ के मकानो को लेते हुए मण्डार रोड तक वहां से पश्चिम की ओर चलकर बांये हाथ के मकान, छात्रावास, गुलाबचंद परिहार के मकानों को लेते हुए रपट तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर नाले के सहारे सहारे बांये हाथ के भीलों के मकानों के लेते हुए, भूतेश्वर महादेव को लेते हुए नदी तक, वहां से पूर्व की ओर मुडकर नदी के किनारे किनारे चलते हुए बडे पुल पर सैनी समाज की भूमि तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर बायं हाथ पर हनुमानजी मंदिर, चौधरी कॉम्पलेक्स मानपुर स्कुल, जैन मंदिर के मकान एवं दुकान को लेते हुए गोविन्द मामा की होटल तक, वहां से पश्चिम की ओर मुडकर भद्रकाली रोड पर कोठारी कॉम्पलेक्स तक।	1372
6	आदर्श विघा मंदिर के पास बने कच्चे मकानों को लेते हुए नदी के सहारे चलते हुए आदर्श विघा मंदिर मकानों व खेत को लेते हुए नगरपालिका सीमा तक वहां सें पूर्व की और मुडते हुए रोड क्रोस कर बायें हाथ मकानों को लेते हुए सामुदायिक शौचालय तक वहां से पूर्व की और चलकर रामदास महाराणा का खेत को लेते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए की कोने की सीमा तक। वहां से उत्तर की बायें हाथ के मकान मोहन लाल के मकानों को लेते हुए आबकारी रोड तक वहां से पश्चिम की और आबकारी रोड चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए हैंडपंप तक वहां से उत्तर की मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए अमरापुरी के कोने के पास तक वहां से नदी को छोडते हुए नदी के सहारे-सहारे आदर्श विघा मंदिर तक।	1281

7	मोहन वाटिका के पास नदी किनारे के सहारे-सहारे पूर्व की और चलते हुए नगरपालिका भवन को लेते हुए अमरापुरी तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए आदर्श विघा मंदिर रोड तक वहां से पूर्व की और मुडकर बायें हाथ के मकानों राजपुत मौहल्ला आबकारी ऑफिस तक वहां से रोड क्रोस कर दक्षिण की और चलते हुए चामुण्डा मंदिर को लेते हुए कोली मौहल्ले के बायें हाथ के मकानों को लेते हुए धापु देवी के मकान तक वहां पूर्व की और चलकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए रामसिंह के प्लांट तक वहां से उत्तर की और चलकर आबकारी रोड तक रोड क्रोस कर दरगाह कॉलोनी के बायें हाथ के मकानों को लेते हुए कोषाधिकारी ऑफिस को लेते हुए शितला माता मंदिर तक वहां से उत्तर की और चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए कोर्ट को लेते हुए छोटी पानी टंकी तक वहां से उत्तर की और मुडकर मोहन वाटिका तक।	1472
8	श्रवण मोची के मकान के पश्चिम की और कोने से पूर्व की और ईदगाह रोड की और चलते हुए बायं हाथ के मकानों को लेते हुए हनुमान जी मंदिर को लेते हुए रमजान घोसी के मकान तक वहां से रोड क्रोस कर कादर ईट वाले के मकान को लेते हुए याकूब डाईवर मकान तक वहां से उत्तर कर और मूडकर सफी कन्डेक्टर के मकान को लेते हुए भिश्ती मोहल्ले के रोड तक वहां से पश्चिम की और मूड कर बायं हाथ के मकान तक वहां से रोड क्रोस कर रमजान घोसी मकान को लेते हुए बडी घोसी गली के बायं हाथ के मकानो को लेते हुए कोर्ट रोड पर कोने पर स्थित मकान तक वहां से पश्चिम की और चलकर बायं हाथ के मकानो को लेते हुए नरपत सिंह रीडर के मकान को लेते हुए विनोद अग्रवाल की चक्की तक वहां से रोड क्रोस कर मेडिकल से बायं हाथ के मकान पुष्पा चारण के मकान को लेते हुए श्रवण मोची के मकान तक।	1314
9	जगदीश चौराहा पर वल्लभ स्वरूप भट्टनागर के मकान से पश्चिम की और चलकर अंबाजी मंदिर को लेते हुए जय गंगा गारमेन्ट गोपाल घासी के बायं के मकान को लेते हुए बनवारी लाल सुबाराम के मकान तक वहां से रोड क्रोस कर चिरंजीलाल मकान से बांय हाथ के मकान को लेते हुए अंबालाल लक्ष्मीनारायण के दुकान को लेते हुए गली क्रोस कर ठेकेदार शकूर घौसी के मकान को लेते हुए उमर अल्लाद्दीन के मकान तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बडी घौसी मौहल्ला बायं हाथ के मकानों को लेते हुए	1355

	ईदगाह रोड पर (भिश्ती मोहल्ले रोड) के मकान तक वहां से पूर्व की और चलकर गनी घोसी के मकान तक वहा से रोड क्रोस कर राम सिंह की आटा चक्की को लेते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए अंबिका टिम्बर को लेते हुए सीधे चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए रूस्तम कबाडी के मकान को लेते हुए अंबाजी मंदिर से गुलाब सबीर के मकान तक वहां से उत्तर की और चलकर मारूति कॉम्पलेक्स गुरूद्वारा को लेते हुए वल्लभ स्वरूप भट्टनागर के मकान तक ।	
10	जैन धर्मशाला के पूर्वी कोने से पश्चिमी कोने तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर जामा मस्जिद को लेते हुए भूरी बाई के मकान तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर खारवाल मोड पर वहां से बनास नदी में होते हुए पश्चिम की ओर चलकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए, तकीया दरगाह एवं वहां से आनन्देश्वर मन्दिर तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए करीम बक्श छीपा के मकान तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए करीम छीपा जमाल के मकान तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर जैन धर्मशाला के पूर्वी कोने तक।	1317
11	श्री मगनलाल कन्हैयालाल के मकान से दक्षिण की ओर चलकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए राधा के मकान तक वहां से जुम्मा मस्जिद वाली गली में होते हुए देलदर वाले के मकान तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर गोपीलाल सोहनलाल के मकान तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर बक्सीराम मोहनलाल के नोहरे तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर गली में बांये हाथ के मकानों को लेते हुए बनाजी रावल के मकान को लेते हुए लदू धोबी के मकान तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए प्रभात पुरी चयन पुरी के मकान तक, वहां से पश्चिम की ओर मुडकर रामगोपाल दुर्गाप्रसाद के मकान को लेते हुए ओमप्रकाश पुरोहित के मकान तक वहां से रोड क्रॉस कर उत्तर की ओर मुडकर शीतला माता के मन्दिर तक, वहां से पूर्व की ओर मुडकर राजेन्द्रसिह के मकान तक, वहां से उत्तर की ओर मुडकर थाने के मेन गेट तक, वहां से उत्तर की ओर मुडकर कमरूदीन के मकान तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर श्रीमति रूपा गोपालिया के मकान तक, वहां से पश्चिम की ओर मुडकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए गली में होते हुए आर्य वीर दल के अखाडे को लेते हुए नदी किनारे तक, वहां से	1420

	दक्षिण ओर मुडकर वॉटर वर्क्स के कुएं को लेते हुए मगन कन्हैया के मकान तक।	
12	रजवाडा पुल से सांई बाबा मंदिर के पश्चिमी कोने नदी के किनारे-किनारे चलते हुए बांये हाथ के मकानों को लेते हुए चंन्द्रावल महिला महाविधालय को लेते हुए ब्रहमदेव मिश्रा के मकान तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर देवीसराय गोपालिया के मकान तक। वहां से दक्षिण की ओर मुडकर ईश्वरसिंह चैइथराम के मकान तक, वहां से रोड क्रोस कर अस्पताल के पश्चिमी कोने तक वहां से नगरपालिका दुकानों को लेते हुए सार्वजनिक प्याउ तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर नगरपालिका के पुराने कार्यालय को लेते हुए मच्छी गली में होते हुए रेल्वे लाईन तक, वहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए छोटे पुल के दक्षिणी कोने तक वहां से रोड क्रॉस कर छोटे पुल पर होते हुए दरगाह को लेते हुए शांतिकुज पार्क को लेते हुए रजवाडा पुल तक।	1300
13	मच्छी गली के पास रेल्वे लाईन्स की और से पश्चिम की ओर चलते हुए बायें हाथ की मच्छी गली को लेते हुए रोड क्रोस कर पुरानी तहसील भवन के कोने तक वहां से पश्चिम की और चल कर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए सत्यनारायण फुलचंद, कैलाश मेडिकल आदि को लेते हुए रोड क्रोस कर ओ पी पेन्टर की दुकान रामजी मंदिर को लेते हुए महादेव मंदिर तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायं हाथ के मकान व मरमट का मकान हरिशंकर रामगोपाल की चक्की को लेते हुए बालाजी मंदिर तक वहां से दक्षिण की और मुडकर सीढीयों चडते हुए दयाल कपडे वाले की दुकान तक वहां से पूर्व की और मुडकर मैन बाजार रोड तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायें हाथ के मकानों व दुकानों को लेते हुए मुंशी हलवाई की दुकान तक वहां रोड क्रोस कर दिनेश चौधरी की दुकान के पीछे रेल्वे सीमा के बायें हाथ की कॉलोनी को लेते हुए नंदु ताराचंद की दुकान के पीछे रेल्वे सीमा को लेते हुए इब्राहीम पान वाले की दुकान के पीछे से रेल्वे दिवार को लेते हुए नाले के पास राजा कोठी की उत्तरी कोने तक वहां से पूर्व की और मुडकर राजा कोठी की दिवार के सहारे-सहारे रेल्वे के बायें हाथ के क्वार्टरों को लेते हुए रेल्वे लाइन तक, वहां से रेल्वे लाइन क्रोस कर पूर्व की और चलते हुए नाले के सहारे सहारे रेलवे हॉस्पिटल रोड तक वहां से उत्तर की और मुड़कर बाए हाथ के रेलवे के मकानों को लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल केंद्र के कोने तक वहा से पश्चिम की	1529

	और मुड़कर बाये हाथ के रेलवे सुरक्षा बल केंद्र , रेलवे इंस्टिट्यूट को लेते हुए रेलवे लाइन तक वहा से उत्तर की और मुडकर रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे रेल्वे के प्लेट फॉर्म को लेते हुए मच्छी गली के सामने रेल्वे लाईन तक वहां से पश्चिम की और मुडकर रेल्वे लाइन क्रॉस कर मच्छी गली तक।	
14	धोबी गली से दूदु धोबी के मकान से पश्चिम की और चलकर बायें हाथ के मकान माथुर बिल्डिग, ज्ञान चाचा के मकान को लेते हुए सीधे चलते हुए बायं हाथ के मकानों को लेते हुए जानीमल के मकान तक वहां से पूर्व की और मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए जैन भोजनालय शाला आदि को लेते हुए वहां से दक्षिण की और मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए पत्थर गली स्थित गौशाला मकान तक फिर वहा से पत्थर गली स्थित गौशाला मकान तक विष्णु काका की दुकान को लेते हुए आजाद मैदान के सोनी के मकान तक वहां से रोड क्रॉस कर आशिष हैन्डलूम की दुकान तक वहां से पश्चिम की और मुडकर बायं हाथ निरजंन जी अग्रवाल के कोने तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए पोपट भाई, बाबु सेल टेक्स वालो का मकानो को लेते हुए अर्जुनदास, धावड दास की दुकान तक वहां से रोड क्रॉस कर चलते हुए पुरानी आर्य समाज भवन को लेते हुए भवानी इलेक्ट्रीक, जाजम कॉटन, गंगाजी मंदिर, कल्पना साडी सेन्टर आदि को लेते हुए सुभाष मार्केट पर बजरंग किराणा स्टोर तक वहां से पूर्व की और मुडकर बायं हाथ के मकान रतन लाल मास्टर नवल राजाराम के मकानों को लेते हुए भिलो की नाथ टंडन की दुकान के पास मैन बाजार रोड तक वहां से रोड क्रॉस कर अग्रवाल समाज की पानी की प्याउ को लेते हुए रेल्वे दिवार तक वहां से उत्तर की और चलकर रेल्वे सीमा को छोडते हुए बायें हाथ की दुकानों को लेते हुए मैन चैराहे पर दिनेश चौधरी की दुकान के पीछे कोने तक। रोड क्रॉस कर बनवारी लाल सोमाराम की दुकान के कोने से उत्तर की और चलतें हुए श्रीचंद हलवाई, शंकरलाल सोनी व कोठारी कपडे वाले की दुकानों/मकानों को लेते हुए पत्थर गली के कोना पर मोहन लाल/सुरजमल की बर्तन की दुकान तक वहां से रोड क्रॉस कर अंबालाल महावीर प्रसाद के बायें हाथ की दुकानों/मकानों को लेते हुए ज्ञान चाचा की बर्तन की दुकान राठी मेडिकल की दुकान के कोने तक, वहां से पश्चिम की और मुडकर बायें हाथ के मकान लेते हुए दुदु धोबी के कान तक।	1391

15	अम्बाजी रोड पर महेन्द्र गुप्ता बंशीलाल कोटेड वाले का मकान के से पश्चिम की और चलकर बायें हाथ के मकान सांई बाबा हॉस्पिटल को लेते हुए अमीर मोहम्मद के मकान को लेते हुए, ईदु खां की बेकरी को लेते हुए सीधे चलतें हुए कुम्हार मोहल्ला रोड क्रॉस कर बायें हाथ शंकर सिंह ड्राइवर के मकान को लेते हुए, भंवर सिंह, चम्पालाल शर्मा आदि के मकानों को लेते हुए माले खां के मकान तक वहां से दक्षिण की और चलकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए ईदगाह रोड पर आनंद मास्टर के मकान तक वहां से ईदगाह रोड की और चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए खाजु मदारी के मकान तक, खाजु मदारी के मकान से दक्षिण की और मुडकर गुरूनानक कॉलोनी की सीधे की सीमा तक। वहां सं पूर्व की और मुडकर गुरूनानक कॉलोनी की सीमा के सहारे-सहारे चलते हुए बायें हाथ के मकान बिन्दु लुहार लखु कुम्हार के मकान को लेते हुए केसरगंज रोड (कॉलेज रोड) से उत्तर की और मुडकर रोड क्रॉस कर पूर्व की और मुडकर बायें के मकान सोहन प्रजापत के, बाबु भाई प्रजापत, डॉ. गुप्ता के हॉस्पिटल को लेते हुए शांतिनाथ गेस्ट हाउस वहां से उत्तर की और मुडकर बायें हाथ की तरफ पारसी अग्यारी गोयल ऑप्टिकल की दुकान, अमरचंद अग्रवाल के मकान, भवनेश बारोट के मकान को लेते हुए अम्बाजी रोड पर पुनः महेन्द्र गुप्ता के मकान तक।	1343
16	ईदगाह के कोने से दक्षिण की और मुडकर इदगाह की सीमा के सहारे-सहारे इदगाह के दक्षिणी कोने तक वहां से पूर्व की और मुडकर इदगाह के कोने तक उत्तर की और मुडकर इदगाह के सहारे-सहारे चलते हुए नगर पालिका स्लॉटर हाउस तक वहां से पूर्व की और मुडकर मुलचंद तिरखाराम के खेत के कोने तक वहां से दक्षिण की और मुडकर अन्नापूर्णा कॉलोनी के उत्तरी कोने तक वहां से पूर्व की और मुडकर बायें हाथों के मकान को लेते हुए अन्नापूर्णा कॉलोनी, बैंक कॉलोनी के पीछे की सीमा के सहारे-सहारे रामलाल बलाई ड्राईवर के मकान से उत्तर की और मुडकर गुरूनानक कॉलोनी की दिवार के सहारे-सहारे बायें के मकानों वाल्मीकि समाज भवन को लेते हुए ईदगाह रोड तक वहां से पश्चिम की और मुडकर बायें हाथ के मकान अशोक पुखाराम का मकान, शौकत नागौरी दुकान आदि के मकानों को लेते हुए ईदगाह तक।	1465

17	खाजू मदारी के पीछे गुरूनानक कॉलोनी की बाउण्ड्री से दक्षिण की ओर चलकर बांये हाथ की गुरूनानक कॉलोनी को लेते हुए रामलाल बलाई के मकान के पीछे तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर बांये हाथ के मकान को लेते हुए केसरगंज रोड तक रोड क्रॉस कर बांये हाथ के शीतल प्रसाद टी.टी. उमेश छंगाणी के मकान भवानी इलेक्ट्रीक का मकान मधुसुदन सर्राफ की मकान एवं ब्रहमपुरी कॉलोनी के मन्दिर को लेते हुए अर्बूद स्कुल की दिवार तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हाथ के लाल लोधे आदि का मकान को लेते हुए वहां तक, वहां से उत्तर की ओर मुडकर सिंधी कॉलोनी व प्रसादीलाल धर्मशाला की गली की ओर चलते हुए बांये हाथ के मकानों को लेते हुए अम्बालाल महावीर प्रसाद, चिंरजीलाल मास्टर, छगन जोशी के मकानों को लेते हुए प्रसादीलाल धर्मशाला को लेते हुए अम्बाजी रोड तक, वहां से पश्चिम की ओर मुडकर किशन कोठे वाले के मकान को लेते हुए थावरदास होतचंद के मकान तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर रोड क्रॉस कर लक्खु कुम्हार के मकान के पीछे तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर गुरूनानक कॉलोनी की बाउण्ड्री के सहारे सहारे बायें हाथ के सैनी समाज की दुकान को लेते हुए खाजु मदारी के मकान के पीछे, गुरूनानक कॉलोनी की बाउण्ड्री के कोने तक।	1157
18	संगम भवन को लेते हुए विजय चौरासिया के मकान तक वहां से रोड क्रॉस कर दक्षिण की और प्रसादीलाल धर्मशाला से दक्षिण की और चलकर बायें हाथ पर श्री भागीरथ, कालूभाई भावसर के मकानो को लेते हुए नाले तक वहां से पूर्व की और मुडकर गुजराती समाज के नाले की पुलिया चढकर बायं हाथ केबिन इत्यादि को लेते हुए अंबाजी रोड पर राकेश (बाबूलाल) जैन के मकान तक वहां रोड क्रोस कर राजा कोठी की दीवार से रेल्वे सीमा से उत्तर की और चलते हुए बायं हाथ के केबिनों को लेते हुए नंदु ताराचंद की दुकान, श्री नाथ नमकिन, करिम बक्श की दुकान को लेते हुए अग्रवाल समाज की की प्याउ तक वहां से रोड क्रोस कर पश्चिम की और चलते हुए बांय हाथ पर श्री कोकचा के मकान से बायं हाथ के मकानो को लेते हुए अशोक प्रथाराम की दुकान, प्रभु डिसा वाले की दुकान को लेते हुए दिनालाल मास्टर के मकान तक। वहा से दक्षिण की और चलते हुए बाये हाथ के मकानों को लेते हुए हाईलाईट की दुकान तक गली क्रोस कर बाये हाथ पर जैन सा के मकान, अम्बालाल बाबूलाल अग्रवाल के मकान, कुम्हारों के	1175

	मकान को लेते हुए देव काम्प्लेक्स और राज काम्प्लेक्स को लेते हुए संगम भवन तक ।	
19	वाल्मीकि मोहल्ले के पीछे से दक्षिण की चलकर बायं हाथ की अन्नपूर्णा कॉलोनी, बैंक कॉलोनी को लेते हुए पूनम कॉलोनी के नाले तक वहां से दक्षिण की और चलकर बांय हाथ के मकानों को लेते हुए नगर पालिका की सीमा के सहारे सहारे पूरब की और मूडकर लोधवाडा केसरगंज स्कूल के सामने महालक्ष्मी कॉलोनी रोड के सहारे सहारे के मकान तक वहां से रोड क्रोस कर पूरब की मूडकर कॉलेज रोड के बांय हाथ के मकानो को लेते हुए अंबाजी मंदिर तक वहां से उत्तर की ओर चलकर बायें हाथ के मकानो को लेते हुए पानी की टंकी तक वहां से उत्तर की और चलकर बायें हाथों के मकान को हीना कॉलोनी, आर्शीवाद कॉलोनी को लेते हुए डॉ. कमलेश के सामने सैनी के खेत के कोने से गरूनानक कॉलोनी के नाले तक वहां से पश्चिम की और मुडकर नाले के सहारे-सहारे गुरूनानक कॉलोनी की सीमा तक वहां से दक्षिण की और चलकर आर्शीवाद कॉलोनी के पीछे रामलाल बलाई के मकान तक वहां से पश्चिम की और चलकर बैंक कॉलोनी, अन्नापूर्णा कॉलोनी के बायें हाथ के मकानो को लेते हुए बस्ती के पीछे के खेत तक।	1164
20	अर्बुद स्कूल के पश्चिम की और चलकर परशुराम भवन को लेते हुए गोरर्धन शर्मा, बनवारीलाल शर्मा के मकानो को लेते हुए केसरगंज रोड तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायें हाथ पर ब्रह्माण्ड कॉलोनी, कॉलेज ग्राउण्ड रामझरोखा मंदिर, अंबाजी मंदिर के वहा से पश्चिम की और मुडकर लोधवाडा-महालक्ष्मी कॉलोनी रोड तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए लोधवाडा स्कुल तक वहां से पूर्व की और नगर पालिका सीमा के सहारे-सहारे बायें हाथ के मकान पंचायत समिति भवन, बी.डी.ओ. कर्वाटर लेते हुए रवि गोयल के मकान की बाउण्ड्री तक, वहां सें दक्षिण की और दायें हाथ पर मोना सी.आई. हार्डवेयर की दुकान, पंचायत की दुकान को लेते हुए अंबाजी रोड तक, अंबाजी रोड क्रॉस कर राजा कोठी की दिवार से उत्तर की तरफ मुडकर अर्बुद स्कुल के मार्गाधिकार के बायें मकानों/दुकानों जेठामाली, फोरेस्ट ऑफिस, सफी आयर राजदीप होटल, पेट्रोल पंप को लेते हुए अर्बुद स्कुल के कोने तक।	1394

21	राजा कोठी के उत्तरी कोने से दक्षिण की और दिवार के सहारे सहारे चलते हुए गुलाबजी हलवाई (पुखराज प्रजापत) के मकान को लेते हुए बायं हाथ पर स्थित नयाखेडा स्थित मकानो को लेते हुए गणेश मोची की दुकान मेलडी माताजी की दुकान, ताउ हार्डवेयर को लेते हुए मोहनलाल छीपा के मकान से सर्विस रोड के बायं हाथ के मकानो को लेते हुए रेल्वे लाइन तक वहां से पूर्व की और रेल्वे लाइन के सहारे सहारे बायं हाथ पर सीघां कॉलोनी को लेते हुए राजा कोठी की दीवार के सहारे सहारे राजा कोठी के पूर्वी कोने तक वहां से पश्चिम की और मूडते हुए राजा कोठी की दिवार समीप स्थित नाले तक।	1478
22	रेल्वे क्रॉसीग लाइन के सहारे सहारे दक्षिण की और चलकर बायें हाथ की फैक्टी/मकानों को लेते हुए स्पनिका टाईल्स के मकान तक वहां से पूर्व की और मुडकर बायें हाथ के मकान को लेते हुए पालनपुर हाईवे रोड क्रॉस कर श्री राम क्लिनिक को लेते हुए व बायें हाथ पर रिको आदि के मकानों के लेते हुए अंबाजी रोड स्थित गुमटी तक वहां से पश्चिम की और चेक पोस्ट की और मुड़कर बाये हाथ के मकानों मनाली होटल, आर टी ओ चेक पोस्ट आदि को लेते हुए हाईवे तक वहा से हाईवे क्रोस कर टी एफ आई के दक्षिणी कोने तक वहा से उत्तर की और मुड़कर टी एफ आई फैक्ट्री, सेंट पॉल स्कूल के सहारे सहारे शिव जी मंदिर तक वहा से पश्चिम की और मुड़कर बाये हाथ के मकानों एवं सामुदायिक भवन को लेते हुए गांधीनगर क्षेत्र में गेल कंपनी की दीवारों के मकानों को लेते हुए सत्यनारायण सिंह प्लाट नंबर 232 के मकान तक वहा से उत्तर की और मुड़कर बाये हाथ के मकानों को लेते हुए गांधीनगर स्कूल के मैन गेट के रोड तक वहा से पश्चिम की और मुड़कर बाए हाथ के मकानों को लेते हुए डीजल शेड रोड तक वहा से रोड क्रोस कर बाये हाथ के मकानों को लेते हुए रेलवे लाइन तक वहा से दक्षिण की और मुड़कर रेलवे लाइन के सहारे सहारे चलते हुए बाए हाथ के मकानों डीजल शेड को लेते हुए रेलवे क्रोसिंग तक ।	1047
23	चैक पोस्ट चौराहे से अम्बाजी रोड पर चलते हुए बायें हाथ के आई.ओ.सी कॉलोनी को लेते हुए सोजत हाउसिंग को लेते हुए, डॉ. सिंघा के खेत तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर पहाडी के नीचे तक फिर वहां से उत्तर की ओर मुडकर बायें हाथ के मकान को लेते हुए नगरपालिका सीमा तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए भूतेश्वर महादेव मन्दिर तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर हाईवे रोड तक, हाईवे रोड से पालनपुर रोड की ओर चलते हुए करोई फली, टी.एफ.आई. कॉलोनी को लेते हुए चैक पोस्ट चौराहे तक।	1187

24	सुरेश कुमार गंगाराम बैरवा के मकान से पूर्व की ओर चलकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए नन्ने खां पुत्र अकबर खां के मकान तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए लालचंद भंडारी के मकान तक, वहां से पश्चिम की ओर मुडकर स्कुल गैट के रोड तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर बायें हाथ के मकान को लेते हुए सुरेश गंगाराम के मकान तक।	1110
25	सामुदायिक भवन गांधीनगर के सामने स्थित प्रकाश गाजी सिंह के मकान से कुए की ओर चलकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए गंगाराम भाट की दुकान को लेते हुए नवलसिंह भोजनालय को लेते हुए, हाईवे पर शिवजी मंदिर तक वहां से उत्तर की ओर हाईवे के सहारे सहारे चलते हुए बांये हाथ की फैक्ट्री व मकानों को लेते हुए ग्रान्ट पंजाब होटल को लेते हुए पानी की टंकी को लेते हुए जीएसएस 132 केवी के कोने तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर प्रेमनगर आरआरवीपीएनएल के सामने स्थित बायें हाथ के मकानों, कानाराम मारू जी का मकान, खेतला जी मंदिर, प्रेमनगर स्कूल को लेते हुए इंद्रा कॉलोनी, आवासीय कॉलोनी को लेते हुए गुरु कृपा निवास, रमेश कच्छावा का मकान, देवारामजी की दुकान को लेते हुए रिको वुडलैंड के पूर्वी कोने तक वहा से उत्तर की और मुड़कर बाये हाथ के मकान, बाबूलाल माली के मकान को लते हुए जाकिर हुसैन के मकान को लेते हुए मुकेश एडवोकेट के मकान तक वहां से पश्चिम की और मुड़कर बाए हाथ के मकानों को लेते हुए भवर जी सरबारा के मकान तक वहा से दक्षिण की और मुड़कर बाए हाथ के मकानों , भबुता राम मीणा के मकान को लेते हुए, रिको वुडलैंड लेते हुए गांधीनगर रोड तक वहा से रोड क्रॉस कर पश्चिम की और मुड़कर बाए हाथ के मकानों को लेते हुए चंपा मीणा के मकान तक वहा से दक्षिण की और मुड़कर बाए हाथ के मकानों, चम्पा मीणा के मकान को लेते हुए, अम्बेडकर भवन को लेते हुए महादेव मंदिर तक वहा से रोड क्रॉस कर पश्चिम की और मुड़कर बाए हाथ के मकानों, हुकम सिंह/सुमेरसिंह चुण्डावत के मकान को लेते हुए जयंती भाई पटेल के मकान तक वहां से दक्षिण की और मुड़कर बाए हाथो के मकानों को लेते हुए सामुदायिक भवन के सामने प्रकाश गाजी सिंह के मकान तक ।	1307
26	लालचंद बैरवा के मकान से कारिगरो के मोहल्ले में दक्षिण की और चलकर बाये हाथ के मकानो को लेते हुए स्कूल के मैन गेट तक वहां से पूर्व की और मुडकर गांधीनगर स्कूल लेते हुए मुरली यादव के मकान तक वहा से पूरब की और चलते हुए बायं हाथ के मकानो को लेते हुए महादेव मंदिर के सामने ठाकुरदास अध्यापक के वहा चत्तर सिंह सोनी के मकान तक शांता बैन लकारे के मकान तक फिर वहां से पश्चिम की और मूडकर बायं हाथ के मकानो को लेते हुए कपुर चंद सांडिया भवन तक वहां से उत्तर की और मूडकर बायं हाथ के मकानो को लेते हुए नंदु सिधीं वादवानी के मकान तक वहां से पश्चिम की और मूडकर बायं हाथ के मकानो को लेते हुए शीतलामाता मंदिर के पीछे तक	1456

	वहां से दक्षिण की और मूडकर बांय हाथ के मकानो को लेते हुए राम सिंह भैरूसिंह के मकान तक वहा से पश्चिम की और मूडकर नवीन लालचंद बैरवा के मकान तक।	
27	अरविन्द मोदी की किराणा दुकान से दक्षिण की और चलकर दायं हाथ के मकानो को लेते हुए पूर्व पार्षद जितेन्द्र परिहार के मकान को लेते हुए जस्सु भाई के मकान तक वहां से रोड क्रॉस कर दायं हाथ के मकानो को लेते हुए गांधीनगर बडी स्कूल के मैन गेट तक वहां से पश्चिम की और मूडकर दायं हाथ के मकानों को लेते हुए डीजल रोड क्रॉस कर रेल्वे लाईन तक वहां से उत्तर की और मूडकर दांय हाथ के मकानो को लेते हुए रेल्वे लाईन के सहारे सहारे दांयं हाथ के मकानों व पावर हाउस, आशुपाल और नादीर के मकान के सामने रेल्वे लाईन तक वहां से पूरब की और दायं हाथ में नादीर के मकान को लेते हुए मोहन मोरवाल के मकान से दायं हाथ के मकान को लेते हुए अरविन्द मोदी की किराणा दुकान तक।	1342
28	गांधीनगर रोड पर हनुमान मंदिर चौराहे पर स्थित रामचंद रेण्दामल के किराणा की दुकान से दक्षिण की ओर चलकर बायं हाथ के मकान/दुकानों को लेते हुए नवीन प्रेमचंद बैरवा के मकान तक वहां से पूरब की ओर मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए रामसिंह भैरवसिंह के मकान तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए कन्हैयालाल जी सेवानिवृत लेखाकार के मकान के पीछे से होते हुए बायं हाथ के मकानों को लेते हुए चोधरा माता मंदिर के पीछे से होते हुए गांधीनगर मैन रोड तक। वहां से रोड क्रॉस कर पूरब की ओर मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए दीपाराम देवाजी भील के मकान तक। वहां से उत्तर की ओर चलकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए मुफतराज बक्शी के मकान तक वहां से पश्चिम की ओर चलकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए महेन्द्र कुमार हंसराज परिहार के मकान तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर बायं हाथ के मकान शिवजी बंजारा के मकान को लेते हुए हनुमान जी मंदिर फिर रोड क्रोस कर रामचंद्र रेन्दामल की दुकान तक।	1176
29	रीको वुडलैण्ड के सामने गांधीनगर रोड पर श्रीमति खीमी बाई के मकान से पश्चिम की और चलते हुए दायें हाथ के मकानों को लेते हुए माला राम मीणा के मकान तक वहां से रोड क्रॉस कर अंबेडकर भवन रोड पर सुरेश हलवाई के प्लॉट से चलकर दायें हाथ के मकानों को लेते हूए पुर्विया जी के मकान तक वहां से पश्चिम की और चलते हुए दायें हाथ के मकानो को लेते हुए जयप्रकाश जी के मकान तक वहां से उत्तर की और चलते हुए दायां हाथ के मकानो को लेते हुए अर्जुन सिंह गैराज वाले प्लाट तक वहां से रोड क्रास कर कपूरचंद जी हंसा जी मीणा के मकान, दायें हाथ के मकान को लेते हूए रमेश कुमार मीणा	1195

	के मकान तक वहां से पूर्व की ओर दायें हाथ के मकान को लेते हूए अनिल कुमार के मकान एवं दायें हाथ को लेते हुए महेन्द्र सिंह के मकान तक वहां से पूर्व की और दाये हाथ के मकानों को लेते हुए उगम सिंह के मकान तक वहा से उत्तर की और मुड़कर दाए हाथ के मकानों को लेते हुए सोहन लाल राव के मकान को लेते हुए भूप सिंह के मकान को छोड़ते हुए गणेश कॉलोनी के पीछे की सड़क तक वहा से पूर्व की और मुड़कर दाए हाथ के गणेश कॉलोनी के पीछे के मकानों को लेते हुए प्रताप जी के मकान तक वहां से दक्षिण की और मुडकर दायें हाथ के मकानो को लेते हुए पॉवर हाउस दिवार के सहारे सहारे चलते हुए देवा जी के मकान तक वहां से पश्चिम की और मुडकर दायें हाथ के मकान को लेते हुए शुभम किराणा के सामने के मकान तक वहा से दक्षिण की और चलकर दाए हाथ के मकानों को लेते हुए रिको वुडलैंड के सामने गांधीनगर रोड पर श्री मति खिमी बाई के मकान तक।	
30	किशन गुर्जर के मकान से दक्षिण की ओर मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए नारायण सोनी के प्लाट तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर नारायण सोनी का प्लाट बायं हाथ के मकानों को लेते हुए विशाल भाई पानी वाले के मकान तक वहां से रोड क्रोस कर जवार सिंह के मकान तक वहां से उत्तर की आरे मुड़कर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए भूप सिंह परिहार के मकान तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बायें हाथ के मकानों भीखाराम हिरागर, पदमचंद कोली, मनाराम, कस्तूरचंद हिरागर के मकानों को लेते हुए गणेश कॉलोनी के दिवार के सहारे सहारे चलते हुए बाए हाथ के मकानों को लेते हुए जीवन राम माली के मकान तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए हीरा कोली के मकान तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए ईश्वर माईक वाले के मकान तक वहां से पश्चिम की ओर चलकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए किशन गुर्जर के मकान तक।	1249
31	पोस्ट ऑफिस रोड पर हनुमानजी मंदिर के कोने से पूर्व की ओर चलकर नाले के सहारे-सहारे दायं हाथ के केबिनों /दुकानों को लेते हुए दायं हाथ के मकानों को लेते हुए गणेश कॉलोनी रोड पर चलते हुए हीरा कोली के मकान के सामने नाले पर स्थित पुलिया तक वहां से रोड क्रॉस कर दक्षिण की ओर मुडकर दायें हाथ पर स्थित मोहनसिंह किराणा वाले का मकान को लेते हुए अमृत पेंटर, उपाराम कोली के मकान को लेते हुए खेतला जी मंदिर तक वहा से पश्चिम की और मुड़कर दाए हाथ के गुरुद्वारा, रहीम बक्श (पूर्व पार्षद) के मकान को लेते हुए श्रीनाथ नमकीन वाले मकान तक वहां से रोड क्रॉस कर दक्षिण की ओर मुडकर भट्नागर के मकान को लेते हुए वहां से दुसरी गली में मुडकर वहां से पश्चिम की ओर मुडकर दायें हाथ के मकान भैरव सिंह गुर्जर, अब्दुल करीम मास्टर के मकानों को लेते हुए महेश जांगिड के मकान को लेते हुए, सतीष गुप्ता के मकान तक रोड क्रॉस कर सतीष गुप्ता के मकान के सामने	1460

	पश्चिम दिशा की ओर मुडकर दायें हाथ के रेल्वे भूमि एवं मकानों को लेते हुए रेल्वे लाईन के नीचे गंदे नाले तक वहां से पूर्व की ओर मुडकर पोस्ट ऑफिस रोड हनुमानजी मंदिर तक।	
32	महावीर टॉकिज रोड पर न्यू अग्रवाल कॉलोनी के कोने से पूर्व की ओर बिजासनी रोड पर चलते हुए बायें हाथ के मकान, न्यू अम्बिका कॉलोनी के सामने स्थित ईसाई कब्रिस्तान के कोने तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर बायें हाथ से स्थित ईसाई कब्रिस्तान को लेते हुए नाले तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर नाले के सहारे-सहारे चलते हुए कमरूदीन के खेत तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर खेत की सीमा के सहारे सहारे बायें हाथ के खेत को लेते हुए जीएसएस की सीमा तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर जीएसएस की सीमा के सहारे-सहारे चलते हुए बायें हाथ जीएसएस कॉलोनी को लेते हुए गणेश कॉलोनी रोड तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर बायं हाथ मकानों को लेते हुए प्रेमनगर कॉलोनी में .(दुसरी गली) मकान तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए प्रेमनगर रोड पर मकानों को लेते हुए वहां से पूर्व की ओर मुडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए आंगनवाडी केन्द्र को लेते हुए हाइवे पर जीएसएस आरआरवीपीएनएल तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बायें हाथ के जीएसएस ऑफिस को लेते हुए महावीर टॉकिज रोड तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर हाइवे क्रॉस कर चांदमारी मस्जिद कॉलोनी, चांदमारी मस्जिद भूमि को लेते हुए नगरपालिका सीमा तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए वार्ड नं. 37 की सीमा तक वहां से उत्तर की ओर मुडकर हाइवे रोड तक वहां से रोड क्रॉस कर बायें हाथ के अंबिका कॉलोनी के कोने तक वहां से पश्चिम की ओर मुडकर न्यू अंबिका कॉलोनी के सहारे-सहारे दायें हाथ के मकानों को लेते हुए महावीर टॉकिज को लेते हुए महावीर टॉकिज रोड तक।	1232
33	महावीर टॉकिज रोड पर संतोषी माता मंदिर को लेते हुए अंबेडकर कॉलोनी का बाउण्ड्री के सहारे-सहारे चलते हुए बायें हाथ की अंबेडकर कॉलोनी को लेते हुए गांधीनगर नाले तक वहां से नाला क्रॉस कर पश्चिम की और मुडकर गणेश कॉलोनी रास्ते को लेते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए भैराराम कोली के मकान तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायं हाथ के मकान अशेक शर्मा टी. के. चटर्जी के मकानों को लेते हुए भरत पंडित के मकान तक वहां से पूर्व की और मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए बालाजी धाम भवन से चलते हुए सुगम मोरवाल के मकान को लेते हुए पावर हाउस के उत्तरी कोने से उत्तर की और चलकर गणेश कॉलोनी के बायं हाथ के मकानो को लेते हुए शास्त्री के मकान तक वहां से पूरब और मूडकर मकानों को लेते हुए कमरुद्दीन के खेत की सीमा तक वहां से उत्तर की और मूडकर बायं हाथ के मकानों को लेते हुए यूजीनकार (ईसाई) के मकान को लेते हुए गांधीनगर नाले तक वहां से	1299

	पूरब की और मूडकर नाले के सहारे सहारे चलते हुए बायं हाथ की कॉलोनी को लेते हुए ईसाईयो के कब्रिस्तान तक वहां से उत्तर की और मूडकर बायं हाथ के मकानो को लेते हुए बिजासनी रोड पर के. जी. एन. भवन तक वहां से पश्चिम की और मूडकर शर्मा के मकान कुआं को लेते हुए बायं हाथ की कॉलोनी को लेते हुए ओमप्रकाश गोयल के मकान के सामने स्थित दुकान (शुभम जनरल स्टोर) तक वहां से रोड क्रॉस कर उत्तर की और मूडकर न्यू अग्रवाल कॉलोनी में स्थित ओमप्रकाश गोयल के मकान के पीछे होते हुए बायं हाथ के मकानो को लेते हुए न्यू अग्रवाल कॉलोनी के अंतिम मकान की सीमा तक वहां से न्यू अग्रवाल कॉलोनी की सीमा, अग्रवाल कॉलोनी की सीमा के सहारे सहारे धोबी घाट कॉलोनी तक वहां से उत्तर की और मूडकर धोबी घाट के बायं हाथ के मकानो को लेते हुए धोबी घाट स्कूल रोड तक वहां से पश्चिम की और मूडकर बायं हाथ के मकानो को लेते हुए रेल्वे सीमा तक यहा से दक्षिण की और मूडकर रेल्वे सीमा के सहारे सहारे धोबी घाट रामलीला मैदान को लेते हुए रेल्वे सीमा के सहारे सहारे बायं हाथ पर अग्रवाल कॉलानी को लेते हुए संतोषी माता मंदिर तक।	
34	महावीर टाकिज पर रेल्वे सीमा के कॉर्नर पर स्थित संतोषी माता मंदिर से उत्तर की चल कर रेल्वे सीमा के सहारे सहारे अग्रवाल कालोनी को छोडते हुए बायं हाथ के रेल्वे आवास को लेते हुए धोबीघाट स्थित रामलीला मैदान रेल्वे तक डबल स्टोरी वहा से पश्चिम की और मूडकर बायं हाथ के रेल्वे आवास/ फ्लैट को लेते हुए चर्च को लेते हुए रेलवे ग्राउण्ड रोड के कोने तक वहा से पश्चिम की और मूडकर बायं हाथ पर स्थित रेल्वे स्पोर्ट्स ग्राउण्ड को लेते हुए महावीर टाकिज रोड पर रेल्वे ग्राउण्ड के पश्चिमी कोने तक वहा से रोड क्रोस कर पश्चिम की और मूडकर बायं हाथ के रेलवे हास्पिटल के रोड पर स्थित रेलवे बंग्ला तक वहा से दक्षिण की और मूडकर रेलवे आवासो को लेते हुए गांधीनगर के नाले तक वहा से नाला क्रॉस कर पूरब की और मूडकर बायं हाथ की नगरपालिका दुकानो/केबिनो को लेते हुए नाले के सहारे सहारे गणेश कालोनी रोड पर बायं हाथ के रेलवे आवासो को लेते हुए गणेश कालोनी रोड पर अंबेडकर कालोनी के पश्चिमी सीमा तक वहां से उत्तर की और मूडकर रेलवे आवासो को लेते हुए रेलवे सीमा के सहारे सहारे महावीर टाकिज रोड स्थित संतोषी माता मंदिर तक।	1392
35	पराग पटेल के खेत को लेते हुए पश्चिम की और मुडकर पराग पटेल के मकान तक वहां से दक्षिण की और मुडकर बायें धोबी घाट में विरेन्द्र मिश्रा का मकान लेते हुए रामलीला मैदान तक वहां से पूरब की और चलते हुए बायं हाथ के मकानो को लेते हुए धोबी घाट स्कूल के पीछे स्थित खेत के कोने तक वहां से दक्षिण की और खेत के सहारे सहारे मकानो , खेत और भूमि को लेते हुए न्यू अग्रवाल कॉलोनी से महावीर टाकिज रोड पर मकानों को लेते हुए	1042

	ओमप्रकाश गोयल का मकान के वहां से पश्चिम की और मूडकर बायं हाथ के न्यू अग्रवाल कॉलोनी के मकानो को लेते हुए महावीर टाकिज के पश्चिम बाउण्ड्री वॉल तक वहां से उत्तर की और मूडकर बायं हाथ के खेत व मकानो को लेते हुए न्यू अग्रवाल कॉलोनी को छोडते हुए चांदमारी रोड तक वहां से उत्तर की और चल कर बांय हाथ के मकानो को लेते हुए राजरानी अगरबत्ती वाले के मकान तक वहा से रोड क्रॉस क र पूरब की और चल कर चंद्रविहार कॉलोनी के रोड के बायं हाथ के मकानो को लेते हुए नाले तक वहां से पश्चिम की और नाले के सहारे सहारे बायं हाथ के मकानो व श्रीजी रेजिडेसी कॉलोनी के पीछे होते हुए पराग पटेल के खेत तक।	
36	पराग पटेल के खेत के पीछे के नाले के सहारे सहारे उत्तर की और चलते हुए हनुमान मंदिर तक बांये हाथ के डूबनगर के मकान को लेते हूए छोटे पूल रेल्वे लाईन तक वहां से दक्षिण की ओर मुडकर रेल्वे लाईन के सहारे सहारे चलते हुए बांय हाथ के रेल्वे क्वाटर/कार्यालयों को लेते हुए डीजल शेड छात्रावास लेते हुए रेलवे इंस्टिट्यूट के सामने रेलवे लाइन तक वहा से पूर्व की और मुड़कर रेलवे इंस्टिट्यूट को छोड़ते हुए बाए हाथ के रेलवे के क्वाटरो को लेते हुए रेलवे सुरक्षा बल केंद्र के सामने के मकान के कोने तक वहा से दक्षिण की और मुड़कर बाए हाथ के रेलवे के मकानों क्वाटरो को लेते हुए महावीर टॉकीज रोड तक वहा से पूर्व की ओर मुडकर बांये हाथ के रेलवे के क्वाटरो / फ्लैट को लेते हुए रेल्वे ग्राउण्ड के महावीर टॉकीज रोड पर पश्चिमी कोने तक वहा से उत्तर की और मुड़कर बाए हाथ के मकानों को लेते हुए रेल्वे आवासों को लेते हुए धोबीघाट रोड तक वहां से रोड क्रॉस कर पूर्व की और मुड़कर बायें हाथ बंगले को लेते हुए रेलवे ग्राउंड के पास के रेलवे फ्लैट्स तक वहा से उत्तर की और मुड़कर बाए हाथ के रेलवे आवास को लेते हुए धोबीघाट रोड तक वहा से पूर्व की और रोड क्रॉस कर बाए हाथ के रेल्वे मकानों को लेते हुए रेल्वे बाउण्ड्री के सहारे सहारे बायें हाथ के रेल्वे आवासों को लेते हुए श्री जी कॉलोनी के सामने रेल्वे बाउण्ड्री के कोने तक बंगला नं. 335 वहां से पश्चिम की ओर मुडकर रेलवे सीमा के सहारे सहारे पराग पटेल के मकान को छोडते हुए बांए ओर के रेल्वे आवासों को लेते हुए पराग पटेल के खेत के पीछे तक।	1479
37	रैगर मोहल्ले कोलीवास रोड पर अब्दुल सलीम अब्दुल गनी के मकान से उत्तर की और नाले की तरफ चलकर बायें हाथ के मकान/नगरपालिका शौचालयों को लेते हुए नाले तक वहां से पश्चिम की और मुडकर नाले के सहारे-सहारे बायें हाथ पर मुन्नालाल बोइताराम के मकान आर.सी. परमार आदि के बायें हाथ के मकानों आदि को लेते हुए लक्ष्मी रघुनाथ के मकान को लेते हुए निम्बेश्वर महादेव लेते हुए सुरज ताराजी रैगर के मकान तक वहां से पश्चिम की और मुडकर नाले के सहारे-सहारे रेल्वे लाईन क्रॉस कर लुनियापुरा छोटे पुल तक वहां से दक्षिण की और चलकर नगरपालिका की दुकानों तक वहां से पूर्व से	1307

	अण्डरपास होते हुए नाले के सहारे-सहारे चलते हुए बना डुबनगरी रोड के बायें हाथ के मकानों को लेते हुए हनुमान मंदिर तक, वहां से दक्षिण की और लुनियापुरा नाले के सहारे-सहारे बायें हाथ के मकानों, खेतो को लेते हुए पराग पटेल के पीछे से दक्षिण और नाले के सहारे-सहारे चन्द्रविहार कॉलोनी तक वहां से पश्चिम की और मुडकर बायं हाथ के मकानो को लेते हुए चांदमारी रोड तक वहां से उत्तर की और मुडकर बायं हाथ के मकानो सांई बाबा स्कूल तक हाईवे रोड क्रॉस कर सरगडा वास के मकानों को लेते हुए नगरपालिका सीमा के सहारे-सहारे पूर्व की और चलते हुए क्रॉस कर खसरा 353, से 338 तक लेते हुए खसरा नं. 80 तक वहां से पूर्व और मुडकर नाले से रामनारायण के खेत को लेते हुए जैसाराम के खेत को छोडते हुए अब्दुल सलीम के मकान तक।	
38	छोटे पुल नाले से पूर्व की ओर चलकर बाये हाथ पर भोई मौहल्ले को लेते हुए छगन भारती के मकान को लेते हुए रेगर मौहल्ले की पुलिया तक, पुलिया क्रॉस कर आगे नाले पर जैसाजी/मानाजी के मकान को लेते हुए कोली मोहल्ले आदि को लेते हुए भाया रेगर के खेत के सहारे सहारे चलते हुए बांये हाथ पर रबारीयों के मकान को लेते हुए हाईवे रोड तक, फिर हाईवे रोड क्रॉस कर बांये हाथ के रबारीयों के व अन्य मकानों को लेते हुए नगरपालिका सीमा तक, वहां से उत्तर की ओर मुडकर बांये हाथ के मकानों को लेते हुए पिपली माता मंदिर तक, वहां से पश्चिम की और मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए हाईवे रोड तक, वहां से हाईवे रोड क्रॉस कर लुनियापुरा की ओर आने वाले हनुमान टेकरी रोड पर चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए आगे रपट तक, रपट क्रॉस कर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए, बाबूलाल सेनी के मकानों को लेते हुए भेरा सांगलाजी हलवाई के मकान को लेते हुए छोटे पुल तक।	1123
39	छोटे पुल से पूर्व की और चलकर बायें हाथ पर कब्रिस्तान को लेते हुए लुनियापुरा स्कुल के कोने तक वहां से रोड क्रॉस कर बायें हाथ पर मोतीलाल बालाजी की दुकान को लेते हुए मस्जिद को लेते हुए रपट के पास लीलारामजी के मकान तक वहां से रपट क्रॉस कर हनुमान (हनुमान टेकरी) वाले रोड पर चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए, दशामाता के मंदिर को लेते हुए हाइवें रोड तक, वहां से उत्तर की और मुडकर बायें हाथ के मकानों को लेते हुए मदनलाल गुप्ता की दुकान को लेते हुए दुकान के कोने तक वहां से उत्तर की और चलते हुए नगरपालिका की सीमा खसरा नं. 369 के कोने तक वहां से पश्चिम की और 368, 326, 321, सदाजी अमराजी भील के खेत को लेते हुए खसरा नं. 261 से 203 तक वहां से खसरा नं. 146, 147, 148, 152 को लेते हुए वार्ड नं. 30 की सीमा के सहारे-सहारे शंकर लाल के मकान तक वहां से उत्तर की और चलकर गुरूकृपा कॉलोनी के सामने की सडक पर चलते हुए रेशिया मीणा के मकान को लेते हुए रेल्वे लाईन तक, रेल्वे लाइन के सहारे-	1361

	सहारे बायें हाथ के मकानों को लेते हुए लुनियापुरा छोटे पुल तक।	
40	रजवाडा पुल से सांई दर्शन कॉलोनी से माउण्ट रोड पर पूर्व की और चलकर बायें हाथ की सांई कॉलोनी को लेते हुए थान सिंह की होटल तक वहां से तरतोली रोड क्रॉस कर दक्षिण की और मुडकर बाये हाथ पर ऋर्षिकेश खेत लेते हुए आई.डी.बी.आई. बैंक मुलजी होटल यस बैंक चौधरी कॉलोनी बी.एस. स्कूल को लेते हुए माउण्ट रोड पर सैनी कम्युनिकेशन को लेते हुए रेल्वे के बंगलो (बायें हाथ के) रल्वे कार्वटर को लेते हुए लुनियापुरा पुल तक वहां से पूर्व की और फिर उत्तर चलकर रेल्वे लाइन के सहारे-सहारे रेल्वे के डबल स्टोरेज मकानों के सामने से लाइन क्रॉस कर गुरूकृपा कॉलोनी के बायें हाथ के मकानों को लेते हुए नरसिंह राणा के मकान तक वहां से पूर्व की और चलकर वार्ड नं. 39 की सीमा के सहारे-सहारे बायें हाथों के मकानों को लेते हुए पश्चिम की और चलकर खसरा नं. 151,155, व 153 को लेते हुए रेल्वे लाइन तक वहां से उत्तर की और चलकर रेल्वे लाईन के सहारे-सहारे बायें हाथ के मकानों को लेते हुए तेज सिंह देवडा व बायें हाथ के मकानों को लेते हुए आरासुरी कॉलोनी में मिठालाल नाई के मकान तक वहां से तरतोली रोड क्रॉस कर पश्चिम दिशा की और चलते हुए नदी किनारे तक वहां से दक्षिण की और चलते हुए बायें हाथ के मकानों को लेते हुए रजवाडा पुल तक।	1424

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।